महत्वपूर्ण/समयबद्ध

संख्या-3/2020/155/31-2020-12/2017

प्रेषक,

कुमार कमलेश,
अपर मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. **समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।**
2. **समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।**

कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग **लखनऊः दिनांकः 29 जनवरी, 2020**

विषयः-महत्वपूर्ण योजनाओं में 03 वर्षों में की गयी उपलब्धियों की जनपदीय बुकलेट तैयार कराकर प्रेषित कराने के संबंध में।

महोदय,

कृपया शासनादेश संख्याः1/2020/148/31-2020-12/2017 दिनांकः 28 जनवरी, 2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उक्त पत्र के साथ संलग्न सूची में अंकित महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में 03 वर्षों में की गई उपलब्धियों का जनपद स्तर पर विधान सभावार बुकलेट तैयार कराने की अपेक्षा की गई है।

2- इस सम्बन्ध में आपसे अपेक्षा है कि विधान सभावार बुकलेट के अतिरिक्त महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में 03 वर्षों में जनपद में की गई उपलब्धियों पर भी जनपदीय बुकलेट निम्नानुसार तैयार कराई जाएगीः-

1. जनपदीय बुकलेट शासनादेश दिनांकः 28 जनवरी, 2020 के साथ संलग्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों पर तैयार कराई जाएगी।
2. जनपदीय बुकलेट शासनादेश दिनांकः 28 जनवरी, 2020 में दिए गए निर्देशानुसार तैयार कराई जाएगी।
3. जनपदीय बुकलेट के प्रथम भाग में राज्य स्तर पर केन्द्रीय एवं राज्य योजनाओं की उपलब्धियाँ होंगी जो विभाग द्वारा तैयार करायी जाएगी। द्वितीय भाग में जनपद स्तर पर योजनाओं की उपलब्धियाँ आकड़ों सहित तैयार कराई जाएगी।
4. जनपदीय बुकलेट को कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग के ई-मेल आई0डी0 wpkkvuplko@gmail.com एवं सूचना विभाग के ई-मेल आई0डी0 sandarbh.dipr@gmail.com पर प्रत्येक दशा में दिनांक 10 फरवरी, 2020 अपरान्ह 04:00 बजे तक अवश्य प्रेषित कराई जाए।

3- कृपया उक्त शासनादेश दिनांक 28 जनवरी, 2020 में अंकित बिन्दुओं के अनुसार महत्वपूर्ण कार्यक्रमों पर जनपदीय बुकलेट तैयार कराकर कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग एवं सूचना विभाग के उक्त ई-मेल आई0डी0 पर निर्धारित तिथि तक अवश्य प्रेषित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(कुमार कमलेश)
अपर मुख्य सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

<u>संख्या- 3/2020/155/31-2020-12/2017 तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. अपर मुख्य सचिव, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. प्रमुख सचिव/सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
3. प्रमुख स्टाफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
4. प्रधान निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
5. मीडिया प्रभारी, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(अंकित कुमार अग्रवाल)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।